<u>प्रेस नोट थाना गीडा जनपद गोरखपुर दिनांक 12.02.2026</u>

हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गीडा के नेतृत्व में एसओजी / स्वाट टीम मय थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0051/2026 धारा 103(1)) बीएनएस से सम्बंधित अभियुक्त 1. पवन कुमार पुत्र चन्द्रिका निषाद 2. विजय पुत्र चन्द्रिका निषाद निवासीगण गीता वाटिका पानी की टंकी के पास आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर को घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण-</u>

वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गयी कि उनका लड़का दिनांक 06/02/2026 को शाम के समय घर से निकला उसके काफी देर तक वापस न आने के बाद वादी व उसके घर वालो द्वारा लड़के के मोबाइल पर कई बार काल किया गया परन्तु फोन नही उठा। घर वालो द्वारा रात भर प्रतीक्षा करते रहे परन्तु वादी का लड़का घर वापस नही आया। दिनांक 07/02/2026 को वादी मुकदमा के लड़के का शव मिला। जिसकी हत्या चाकू मारकर की गयी थी। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 51/2026 धारा 103(1)) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

विवेचना के क्रम में अभियुक्त 1. पवन कुमार, 2. विजय व 3. निखिल कुमार गौड़ उर्फ गोलू उर्फ रितिक का नाम प्रकाश में आया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि मृतक का उनसे आपसी विवाद था। दिनांक 06.02.2026 को पार्टी करने के बहाने बुलाकर चाकू मारकर हत्या कर दिये।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-</u>

1. पवन कुमार पुत्र चन्द्रिका निषाद निवासी गीता वाटिका पानी की टंकी के पास आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
2. विजय पुत्र चन्द्रिका निषाद निवासी गीता वाटिका पानी की टंकी के पास आवास विकास कालोनी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर

<u>गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-</u>

मु0अ0सं0 0051/2026 धारा 103(1)) बीएनएस थाना गीडा,जनपद गोरखपुर

<u>वांछित अभियुक्त का नाम व पता-</u>

निखिल कुमार गौड़ उर्फ गोलू उर्फ रितिक पुत्र नन्दू गौड़ निवासी सुअरज थाना गोला जनपद गोरखपुर

<u>बरामदगी-</u>

घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल

<u>गिरफ्तारी की टीम-</u>

1. प्र0न0 अश्वनी पाण्डेय थाना गीडा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 सरफराज अहमद थाना गीडा जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 कमलेश प्रताप सिंह थाना गीडा जनपद गोरखपुर
4. उ0नि0 राजमंगल सिंह एसओजी प्रभारी जनपद गोरखपुर उ0नि0
5. पुरूषोत्तम आनंद सिंह एसओजी टीम जनपद गोरखपुर
6. उ0नि0 नितेश प्रताप सिंह सर्विलांस सेल जनपद गोरखपुर
7. का0 अरूण यादव सर्विलांस सेल जनपद गोरखपुर
8. हे0का0 इकबाल राव एसओजी टीम जनपद गोरखपुर
9. हे0का0 अरूण खरवार एसओजी टीम जनपद गोरखपुर
10. हे0का0 करूणापति तिवारी एसओजी टीम जनपद गोरखपुर
11. हे0करा0 दुर्गेश कुमार मिश्रा एसओजी टीम जनपद गोरखपुर
12. का0 प्रिन्स राय एसओजी टीम जनपद गोरखपुर
13. हे0का0 सुमन्त कुमार यादव थाना गीडा जनपद गोरखपुर
14. का0 प्रेम कुमार थाना गीडा जनपद गोरखपुर
15. का0 कृष्ण कुमार गुप्ता थाना गीडा जनपद गोरखपुर